*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर के कैडेटों ने बेंगलुरु में किया कमाल अखिल भारतीय स्तर पर छठा स्थान हासिल

पंतनगर 29 सितंबर 2025। उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले यूके एयर स्क्वाड्रन, पंतनगर के अंडर–1 गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के कैडेटों ने 18 से 29 सितंबर 2025 तक बेंगलुरु वायु सेना स्टेशन में आयोजित अखिल भारतीय वायुसैनिक शिविर में छठी रैंक हासिल की है। यह प्रदर्शन पिछले वर्ष की 14वीं रैंक की तुलना में एक महत्वपूर्ण उन्नति है। फ्लाइंग ऑफिसर डा. अजीत प्रताप सिंह, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी एवं मृदा विज्ञान के प्राध्यापक ने इस उपलब्धि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सफलता में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के निरंतर समर्थन और प्रेरणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना ने सभी कैडेटों और उनके साथ आए अधिकारियों को बधाई दी।



निदेशक संचार